Jagran

BPSC Combined Competitive Examination registration starts from September 27

पटना : बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की 60वीं से 62वीं सम्मिलित संयुक्त प्रतियोगिता (प्रारंभिक) परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन 27 सितंबर से प्रारंभ होगा। परीक्षा फरवरी के दूसरे हफ्ते में आयोजित होगी। सोलह पदों के अंतर्गत रिक्तियों की कुल संख्या 642 है। सबसे अधिक 244 रिक्तियां बिहार प्रशासनिक सेवा में हैं।

प्रतियोगिता परीक्षा के लिए उम्र की गणना 1 अगस्त 2016 की तिथि पर की जाएगी। हालांकि इनमें से किसी भी एक परीक्षा के आधार पर अर्हता प्राप्त उम्मीदवारों को तीनों परीक्षाओं के लिए योग्य माना जाएगा। परीक्षा में बैठने के लिए अवसरों की सीमा समाप्त कर दी गई है। उम्मीदवार 27 सितंबर से 31 अक्टूबर तक रजिस्ट्रेशन कर सकेंगे। बैंक चालान डाउनलोड की सुविधा 27 सितंबर से 31 अक्टूबर तक रहेगी। वहीं बैंक में चालान जमा करने की तिथि 27 सितंबर से 31 अक्टूबर तक रहेगी।